वर्ष 2022 की मुख्य उपलब्धियां

| माह | मुख्य उपलब्धियां |
|---|---|
| दिसंबर 2022 | कोंकण रेलवे ने जयनगर (भारत) और कुर्था (नेपाल) के बीच क्रॉस बॉर्डर रेल लिंक के परिचालन के लिए नेपाल रेलवे कंपनी (एनआरसीएल) द्वारा एक वर्ष का अनुबंध सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। इस अवधि के दौरान, कोंकण रेलवे ने 100% समयपालन के साथ 528 डेमू सेवाएं परिचालित कीं। नेपाली कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण, स्टेशनों का प्रबंधन, ट्रैक और सिग्नलिंग के लिए परिचालन एवं अनुरक्षण सहयोग जैसी अन्य सेवाएं भी प्रदान की गई है । एनआरसीएल के अनुरोध पर अनुबंध की अवधि अब एक महीने के लिए बढ़ा दी गयी है।<br><br>एचपीसीटी/ठोकूर यार्ड में दो स्टेज लाइटिंग कार्यान्वित की गई है, जिस से रात्री के दौरान 'भारतीय रेलवे के बीटीपीजीएलएन रेक के लिए थ्री राउंड ट्रिप बीपीसी' जारी करने में सक्षम होंगे।<br><br>माह के दौरान आपदा प्रबंधन के एक भाग के रूप में सी एंड डब्ल्यू/रत्नागिरी के कर्मचारियों के लिए लाइफ गार्ड सर्टिफिकेशन कोर्स आयोजित किया गया। इस पाठ्यक्रम में कुल 18 कर्मचारियों ने भाग लिया। |
| नवंबर 2022 | इस महीने में रत्नागिरी ब्रेकडाउन ट्रेन (SPARMV) को 'कार्यस्थल प्रबंधन' के लिए '5S' प्रमाणन पत्र प्राप्त हुआ है । |
| अक्टूबर -2022 | कुछ नहीं |
| सितंबर -2022 | माह के दौरान मडगांव-कारवार-मडगांव के बीच मेमू ट्रेन सेवा (ट्रेन संख्या 70101/70102) शुरू की गई है। एमईएमयू (बॉम्बार्डियार 3 चरण) रेक के संचालन और रखरखाव के लिए एसडब्ल्यूआर में तकनीकी कर्मचारियों का प्रशिक्षण और डब्ल्यूआर और सीआर में रनिंग स्टाफ का प्रशिक्षण आयोजित किया गया था। दो रेकों की कमीशनिंग और सामग्री/एएमसी/पूंजीगत पुर्जों की व्यवस्था की जा चुकी है।<br><br>माह के दौरान वेरना-रोहा के बीच सिंगल क्रू सेट के साथ क्रैक स्पेशल ट्रेन का संचालन शुरू किया गया है। |
| अगस्त-2022 | कुछ नहीं |
| जुलाई -2022 | कुछ नहीं |
| जून -2022 | कोंकण रेलवे को भारत के जयनगर से नेपाल के जनकपुर धाम तक भारत गौरव ट्रेन चलाने की रेल मंत्रालय और आईआरसीटीसी की पहल में योगदान करने का सौभाग्य मिला। कोंकण रेलवे ने इस ऑपरेशन को सफल बनाने के लिए लोको पायलट, ट्रेन मैनेजर, स्टेशन मास्टर और ट्रेन मेंटेनेंस स्टाफ की एक सक्षम टीम |

| | |
|---|---|
| | तैनात की थी. इसके अलावा संचालन और रखरखाव सेवाओं जैसे रोलिंग इन परीक्षा, सुरक्षा और निरंतरता जांच का भी आयोजन किया था। |
| मई - 2022 | कोंकण रेलवे ने नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के निर्देशों के कार्यान्वयन के लिए 05 स्टेशनों को नामित किया है। इसी दिशा में इसी माह रत्नागिरी और मडगांव स्टेशनों को आईएसओ 14001:2015 पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली (ईएमएस) से प्रमाणित किया गया है।<br><br>केआरसीएल ने नेपाल रेलवे के जयनगर-कुर्था खंड के परिचालन के दो महीने सफलतापूर्वक पूरे कर लिए हैं। इस अवधि के दौरान लगभग 240 डेमू ट्रेन सेवाएं 100% समयपालन के साथ चलाई गईं। |
| अप्रैल - 2022 | नेपाल रेलवे कंपनी ने एक वर्ष की अवधि के लिए संचालन और रखरखाव सहायता के लिए कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड को नियुक्त किया है। इस समझौते के हिस्से के रूप में, कोंकण रेलवे ट्रेनों के परिचालन और रख-रखाव का काम करेगा, नेपाली कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान करेगा, विशेषज्ञ जनशक्ति और न्यूनतम उपकरण की आपूर्ति करेगा, रेलवे परिचालन के लिए बुनियादी प्रणाली तैयार करेगा और ट्रैक और सिग्नलिंग सिस्टम के रख-रखाव के लिए तकनीकी सहायता प्रदान करेगा।<br><br>रेलवे परिचालन और रख-रखाव में केआरसीएल की यह पहली अंतर्राष्ट्रीय परियोजना है। दिनांक 03.04.2022 को नेपाल रेलवे के जयनगर और कुर्था स्टेशनों के बीच भारत-नेपाल क्रॉस बॉर्डर रेलवे का परिचालन केआरसीएल द्वारा शुरू किया गया है, जिसका उद्घाटन दिनांक 02.04.2022 को माननीय प्रधान मंत्री द्वारा प्रतिदिन दो अप और दो डाउन ट्रेन सेवाओं के साथ किया गया है। डेमू ट्रेन सेवाएं सप्ताह के सभी 07 दिन 100% समयपालन के साथ सफलतापूर्वक चल रही हैं। |
| मार्च - 2022 | के. आर. सी. एल ने जयनगर और कुर्था के बीच इंडो नेपाल क्रॉस बॉर्डर रेलवे लाइन के संचालन / परिचालन के लिए सभी तैयारी और बाकी कार्य पूरे कर लिए हैं। भारत और नेपाल के माननीय प्रधानमंत्रियों द्वारा 2 अप्रैल 2022 को शुभारंभ किया जाना है और 3 अप्रैल 2022 से नियमित यात्री सेवाएं शुरू होगी प्रारंभिक कार्य में नेपाली कर्मचारियों का प्रशिक्षण और नियुक्ति, के. आर. सी. एल विशेषज्ञों की नियुक्ति, परिचालन के लिए प्रणाली, स्टेशनों की मैनिंग, पूर्व मध्य रेलवे की मदद से डेमू ट्रेनों का रख-रखाव और दैनिक आधार पर डेमू ट्रेनों का नियमित ड्राई रन शामिल है।<br><br>यांत्रिक विभाग के डिपो में गर्मी से बचाव एवं अग्नि सुरक्षा के लिए संरक्षा अभियान चलाये गए कोचों में अग्निशामक यंत्रों की उपलब्धता, अग्नि शमन प्रणालियों की कार्यप्रणाली, केआर अनुरक्षण रेक से प्लास्टिक कूड़ेदानों को हटाने की जांच के लिए विस्तृत ऑडिट किया गया। अभियान में पाई गई सभी कमियों को ठीक किया गया। |

| | |
|---|---|
| फ़रवरी-2022 | केआरसीएल को जबलपुर डिवीजन, डब्ल्यूसीआर के ईटी-जेबीपी (डाउन मेनलाइन) और केटीई-जेबीपी (अप मेनलाइन) पर 02 हॉट बॉक्स डिटेक्टर (एचबीडी) की आपूर्ति, स्थापना और कार्यान्वित करने का ठेका प्रतिस्पर्धी बोली के माध्यम से दिया गया है।<br><br>नेपाल रेलवे के जयनगर- कुर्था खंड का परिचालन –<br>• नेपाल रेलवे के 48 कर्मियों का प्रशिक्षण माह के दौरान पूरा कर लिया गया है और प्रशिक्षित कर्मियों को काम के लिए तैनात किया गया है।<br>• दिनांक 13.02.2022 से डेमू ट्रेन का ड्राई रन दैनिक आधार पर शुरू कर दिया गया है।<br>• ईसीआर की मदद से डेमू ट्रेन सेटों का रखरखाव भी शुरू किया गया है।<br>• ट्रेन परिचालन की तैयारी के लिए केआरसीएल के 09 कर्मियों की एक टीम नेपाल में तैनात की गई है |
| जनवरी-2022 | रेलवे बोर्ड के दिनांक 19.01.2022 पत्र संख्या 2017/एम(सी)/138/2 अनुसार, केआरसीएल में सभी केआर के एलएचबी कोचों में अंडर गियर घटकों की जांच के लिए एक विशेष अभियान चलाया गया और संबंधित विवरण सीएमएमएस में अद्यतन किया गया है। पाई गई कमियों पर भी कार्रवाई की गई है।<br><br>दिनांक 14/01/2022 को महाप्रबंधक, मध्य रेलवे और पीसीएमई, मध्य रेलवे ने कार्य की प्रगति की समीक्षा करने के लिए को रोलिंग स्टॉक कंपोनेंट फैक्ट्री साइट का दौरा किया और कारखाने का निर्माण अच्छी तरह से प्रगति कर रहा है। मध्य रेलवे से परियोजना को लक्ष्य के अनुरूप पूरा करने के लिए राशि की मांग की गई है.<br><br>केआरसीएल के मडगांव और रत्नागिरी रेलवे स्टेशनों के लिए पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली (ईएमएस) आईएसओ 14001:2015 के प्रमाणन के लिए अनुबंध प्रदान किया गया है और काम जल्द ही शुरू होने की उम्मीद है।<br><br>स्वचालित ट्रेन परिक्षण प्रणाली (एटीईएस) की आपूर्ति के लिए एनसीआर के इलाहाबाद मंडल से 59.81 लाख रुपये का भुगतान प्राप्त हुआ है। अब तक कुल 90% भुगतान प्राप्त हुआ है। |

अद्यतन दिनांक -25.01.2023